कार्यालय–अधिष्ठाता शैक्षिक क्रिया कलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर

पत्रांकः 535/ शैक्षिक / षष्ठम् दी0स0 / 2024 दिनांकः अगस्त 24, 2024

:: दीक्षान्त समारोह ::

हर्ष के साथ सूचित करना है कि हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2023–24 में बी0टेक0, बी0टेक0 (Lateral Entry), एम0टेक0, एम0बी0ए0, एम0एस0सी0, एम0सी0ए0 एवं पी0एच0डी0 (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण छात्रों हेतु षष्ठम् दीक्षान्त समारोह दिनांक 27.09.2024 को प्रातः 11.00 बजे से शताब्दी भवन, पश्चिमी प्रांगण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में उपाधि धारकों को सूचित करना है कि षष्ठम् दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिये दिनांक 27.08.2024 से 05.09.2024 के मध्य पंजीकरण किया जा सकेगा। पंजीकरण लिंक एच0बी0टी0यू0 की वेबसाइट के **''दीक्षान्त समारोह''** टैब पर दिनांक 25.08.2024 से उपलब्ध होगा तथा दीक्षान्त समारोह से सम्बन्धी आवश्यक अन्य सूचनायें भी ''दीक्षान्त समारोह'' टैब पर समय–समय पर अपडेट की जायेगीं।

यह भी सूचित हों कि सभी उपाधि धारकों को दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिए निर्धारित वेशभूषा (ड्रेस) जिसमें छात्रों को सफेद कुर्ता–पैजामा एवं छात्राओं को सफेद सलवार–सूट में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। उक्त के साथ ही परिधान (उत्तरी एवं साफा) विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा, जिसका शुल्क रू0 500/– देय होगा (परिधान छात्र–छात्रा अपने साथ ले जा सकेंगे)।

सभी उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र–छात्रायें दिनांक 26.09.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से रिहर्सल एवं दिनांक 27.09.2024 को प्रातः 09.30 बजे से समारोह हेतु शताब्दी भवन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित समय के बाद तथा बिना पोशाक एवं उत्तरीय धारण किये छात्र–छात्राओं का सभागार में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

उपरोक्त के अतिरिक्त जिन छात्र–छात्राओं ने अपना अदेयता प्रमाण–पत्र (नो–डयूज) शैक्षिक कार्यालय में अभी तक जमा नहीं किया है, ऐसे छात्र–छात्रायें दिनांक 04.09.2024 तक अपना अदेयता प्रमाण–पत्र शैक्षिक कार्यालय में अवश्य जमा करना सुनिश्चित करें।

24/08/2024

प्रो0 ललित कुमार सिंह
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप